# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 30.08.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, ज्ञानशिखा टाइम्स," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 30.08.2025

### मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य समय से कराएं पूरा

**वाराणसी।** वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने शुक्रवार को शिवपुर स्थित पूर्व निर्मित मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण किया। वीडीए की अवस्थापना निधि से इसका जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है। इसकी लागत 5.83 करोड़ है। इसके तहत हॉकी फील्ड, फुटबॉल फील्ड एवं वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण कराया जाएगा। अपर सचिव ने कार्यदायी संस्था को मिट्टी भराई का कार्य गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समय से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही परियोजना के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाने के सुझाव भी दिए गए। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 30.08.2025

### चौड़ी सड़क की बाध्यता खत्म, 50 वर्ष पुराने भवनों में संचालित कर सकेंगे अब होटल

जागरण संवाददाता, वाराणसी : पर्यटन कारोबार को बढ़ावा देने और 50 वर्ष पुराने भवनों को संरक्षित करने को लेकर शासन ने विकास प्राधिकरण के नए बायलाज में बदलाए किए हैं। वहां सिर्फ आने-जाने के लिए सड़क होने पर भी पुराने भवनों का होटल का नक्शा पास हो जाएगा। इसके लिए वीडीए उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में गठित कमेटी की रिपोर्ट जरूरी है।

इतनां ही नहीं पुरानी आबादी वाले क्षेत्रों में छह मीटर चौड़ी सड़कों और विकसित हो रहे क्षेत्रों में नौ मीटर सड़कों पर कालोनियों में भी होटल का नक्शा पास हो जाएगा। नए बायलाज में सबसे अधिक होटल बनाने में छूट दी गई हैं। इसके साथ ही वीडीए उपाध्यक्ष ने हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मियों को

> 50 वर्ष पुराने भवनों में होटल का नक्शा पास किया जाएगा। इसके लिए सड़क की बाध्यता नहीं है, बस कमेटी के संतुष्ट होने के साथ रिपोर्ट आनी जरूरी है। वहीं नए बायलाज में पर्यटन कारोबार को बढ़ावा देने के लिए होटल मानचित्र में कई बदलाव किए गए हैं।
>
> –पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए।



होटल को लेकर आने वालों को विशेष जानकारी देने को कहा है। जोन कार्यालय पर भी प्राथमिकता पर होटल का नक्शा पास करने का निर्देश दिया गया है।

प्रदेश सरकार ने धार्मिक स्थल मथुरा में बांके बिहारी मंदिर, अयोध्या में भगवान राम और बनारस में श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का विस्तार कराया है। साथ ही पर्यटकों की सुविधा को लेकर तेजी एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, रोडवेज और प्राइवेट बस स्टैंड समेत सड़कों को बनवा रहा है। यहां आने वाले पर्यटकों के ठहरने के लिए कोई दिक्कत नहीं हो, ऐसे में होटल कारोबार पर ज्यादा फोकस है।

**आवासीय भवनों में संचालित हो रहे होटल:** वीडीए से नक्शा पास नहीं होने पर जिले में तीन सौ से अधिक आवासीय भवनों में होटल का संचालन हो रहा है। विकास प्राधिकरण ने नोटिस जारी करने के साथ मानचित्र स्वीकृत कराने को कहा तो नियम के पेच फंस गए। वीडीए भी नोटिस जारी कर बैठ गया।

हिन्दुस्तान–दि0 30.08.2025

## वीडीए, नगर निगम एवं जलनिगम सुधर जाएं

विकास प्राधिकरण, नगर निगम तथा जल निगम लोगों की अवधारणा बदलने के लिए अपनी कार्य संस्कृति पर ध्यान दें। कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराएं। वीडीए, नगर निगम, पुलिस तथा प्रशासन मिलकर शहरी क्षेत्रों में वेंडिंग जोनों का निर्धारण करें, ठेले पटरी व्यवसायियों को उचित स्थान मिले ताकि कोई उनसे अवैध वसूली न कर सके।

हिन्दुस्तान–दि0 30.08.2025

## मिनी स्टेडियम का निरीक्षण

**वाराणसी।** वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने शुक्रवार को शिवपुर स्थित मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण। प्राधिकरण की अवस्थापना निधि से स्टेडियम का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है, जिसकी कुल लागत लगभग 5.83 करोड़ है। अपर सचिव ने कार्यदायी संस्था को मिट्टी भराई का कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 30.08.2025

# वीडीए अपर सचिव ने पूर्व निर्मित स्पोर्ट्स स्टेडियम का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने शिवपुर स्थित पूर्व निर्मित मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण किया। वीडीए की अवस्थापना निधि से शिवपुर स्थित पूर्व निर्मित मिनी स्टेडियम के जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा रहा है, जिसकी कुल लागत लगभग रु. 5.83 करोड़ है। परियोजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य प्रस्तावित हैं। हॉकी फील्ड, फुटबॉल फील्ड एवं वॉलीबॉल कोर्ट, क्रिकेट नेट प्रैक्टिस के लिए नेट, इनडोर गेम हॉल की सुविधा, वॉकिंग ट्रैक, चेंजिंग रूम एवं शौचालय (पुरुष/ महिला) कवर्ड योगा पवेलियन एवं दर्शकों के लिए पवेलियन चिल्ड्रेन प्ले एरिया एवं ओपन जिम का अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा द्वारा उक्त परियोजना स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इंडोर गेम हाउस का निर्माण कार्य गतिमान है। अपर सचिव द्वारा कार्यदायी संस्था को मिट्टी भराई का कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, परियोजना के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाने के सुझाव भी दिए गए।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 30.08.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने शिवपुर स्थित टेडियम का किया स्थलीय निरीक्षण

वाराणसी। विकास प्राधिकरण की अवस्थापना निधि से शिवपुर स्थित पूर्व निर्मित मिनी स्टेडियम के जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा रहा है, जिसकी कुल लागत लगभग 5.83 करोड़ है। परियोजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य प्रस्तावित हैं - हॉकी फील्ड, फुटबॉल फील्ड एवं वॉलीबॉल कोर्टक्रिकेट नेट प्रैक्टिस हेतु नेटइनडोर गेम हॉल की सुविधावॉकिंग ट्रैक चेंजिंग रूम एवं शौचालय (पुरुष/महिला)कवर्ड योगा पवेलियन एवं दर्शकों हेतु पवेलियनचिल्ड्रेन प्ले एरिया एवं ओपन जिम अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा द्वारा उक्त परियोजना स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इंडोर गेम हाउस का निर्माण कार्य गतिमान है द्य अपर सचिव महोदय द्वारा कार्यदायी संस्था को मिट्टी भराई का कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, परियोजना के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करने हेतु आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाने के सुझाव भी दिए गए।